**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 26.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना अतर्रा पुलिस द्वारा व्यक्ति की डण्डे से मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा व्यक्ति की डण्डे से मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि थाना अतर्रा क्षेत्र के ग्राम महोतरा में दिनांक 24.06.2025 की रात्रि को दयाराम यादव की पड़ोस के ही रहने वाले कल्लू विश्वकर्मा द्वारा मामूली विवाद में डण्डे से सिर पर वार कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जिसके सम्बन्ध में परिजनों से प्राप्त तहरीर पर थाना अतर्रा में अभियोग पंजीकृत करते हुए थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा बरामद किया गया है।

**बरामदगी-**

- आलाकत्ल 01 अदद् डण्डा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. कल्लू विश्वकर्मा पुत्र खिली विश्वकर्मा निवासी महोतरा थाना अतर्रा जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 231/25 धारा 103(1)/352 बीएनएस थाना अतर्रा जनपद बांदा।